हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 लाइब्रेरी "थाती" बच्चों के भविष्य को देगी नई दिशा : कलेक्टर


12 गुजरा में पिता-पुत्र पर चाकू से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार




श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दौड़ 14 को



**धमतरी।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ सुबह 7.30 बजे शुरू होगी। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस साल स्वतंत्रता दौड़ स्थानीय गांधी चौक मैदान (सिटी कोतवाली) से शुरू होकर गोलबाजार, घड़ी चौक, भगवती लॉज, देवश्री टॉकिज रोड, शिव चौक, संचुरी गार्डन से होते हुए गांधी चौक में समाप्त होगी।

### घरेलू वायरिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी में 30 दिवसीय घरेलू वायरिंग का निःशुल्क एवं आवासीय युक्त प्रशिक्षण 12 अगस्त से दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक के इच्छुक ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान बिजली उपकरण, वोल्टेज, एमसीबी, कनेक्शन, सीरीज और डायरेक्ट बोर्ड कनेक्शन, स्वीच वायरिंग, मास्टर स्विच वायरिंग, डायरेक्ट बोर्ड कनेक्शन, लॉज वायरिंग, हास्पिटल वायरिंग, घर वायरिंग, श्री फेस इत्यादि की तकनीकी एवं प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी।

### 14 हजार से ज्यादा किसानों का पंजीयन अधर में, सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर संशय

# एग्रीस्टेक पंजीयन : किसी के मोबाइल में ओटीपी नहीं आया, तो किसी का फिंगरप्रिंट मैच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कई प्रकार की समस्याओं के चलते अब तक 14 हजार से ज्यादा किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं हो पाया है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए एग्रीस्टेक में पंजीयन जरूरी है। यह समस्या बनी रही तो बड़ी संख्या में किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से चूक सकते हैं।

खेती से संबंधित योजनाओं के लिए बड़ा बदलाव करते हुए किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। एग्रीस्टेक पंजीयन किसानों के लिए काफी फायदेमंद है। इसका उद्देश्य किसानों को एक डिजिटल प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है, जिसके माध्यम से किसान आसानी से सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। इसका दूसरा उद्देश्य किसानों का डेटाबेस भी तैयार किया जाना है, जिसमें किसान की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, आय, ऋण, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास सहित सभी जानकारी उपलब्ध रहेगी। इसी के तहत किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक जिले के 1 लाख 98 हजार 581 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन हो चुका है, जबकि 14 हजार 187 किसानों का पंजीयन विभिन्न कारणों से अटका हुआ है। इन किसानों को लगातार पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कई किसान पंजीयन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं तकनीकी समस्याओं के चलते भी बड़ी संख्या में किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अटका हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार इस साल किसानों से धान खरीदी भी एग्रीस्टेक में पंजीयन के बाद किया जाना है। ऐसे में यदि किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं होता है तो किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो सकते हैं।


फाइल फोटो

#### कई प्रकार की समस्याएं

एग्रीस्टेक पंजीयन में किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन के लिए आधार और मोबाइल नम्बर का लिंक रहना जरूरी है। कई किसानों का मोबाइल लिंक नहीं होने के कारण पंजीयन नहीं हो पाया है। वहीं पंजीयन में फिंगरप्रिंट और मोबाइल में ओटीपी दोनों माध्यम से वेरिफाई होना जरूरी है। कई लोगों का फिंगरप्रिंट नहीं मैच हो रहा है तो कईयों के मोबाइल में ओटीपी नहीं आ रहा है। वहीं भुइयां साफ्टवेयर में त्रुटि के चलते भी पंजीयन नहीं हो पाया है।

#### सम्मान निधि अधर में

प्रत्येक किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। बिना पंजीयन के किसानों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा। ऐसे में बिना पंजीयन के किसानों को सम्मान निधि मिलने पर भी संशय है। इसके अतिरिक्त केसीसी ऋण, सब्सिडी आदि से भी किसानों को वंचित होना पड़ सकता है। कृषि विभाग और सहकारी समितियों द्वारा लगातार किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# जोगीडीह आबादी क्षेत्र में दो हाथी का विचरण



- मखना और दंतैल का हुआ मिलन, चार स्थानों पर फसल क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे दो हाथी का मिलन हो गया है। सोमवार को दोनों हाथी का लोकेशन शाम 7 बजे ग्राम जोगीडीह आबादी क्षेत्र की देवांगन बाड़ी के पास था। धमतरी तथा केरेगांव रेंज स्टाफ हाथियों पर नजर रखा हुआ है।

धमतरी डिप्टी रेंजर राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि उत्तर सिंगपुर और केरेगांव रेंज में विचरण कर रहे दोनों हाथी अब एक साथ हो गए हैं। दोनों हाथी को सोमवार की शाम जोगीडीह स्थित देवांगन बाड़ी के पास विचरण करते देखा गया है। केरेगांव तथा धमतरी स्टाफ हाथी निगरानी में लगे हुए हैं। चार स्थानों पर फसल क्षति की खबर है। जोगीडीह, बागोडार, भंवरमरा, लीलर, अरौद, जवरगांव, मथुराडीह, भालूचुवा, साल्हेभाट, पीपरछेड़ी, झुरातराई, लंबूडेरा, बासीखाई, बाजारकुर्रीडीह आदि ग्रामों को अलर्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि छोटकू हाथी सिकासेर दल का है। वहीं बड़कू हाथी चंदा दल का है। छोटा हाथी अभी दंतहीन है जबकि बड़ा हाथी दंतैल है।

### किसानों ने कलेक्टर से सोसाइटी में खाद उपलब्ध कराने की मांग की

# सोसाइटियों में खाद की कमी, बाजार से अधिक दाम पर खरीदने किसान विवश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अल्पवर्षा और खाद की कमी से किसान परेशान हैं। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में नहर सिंचाई पानी तथा खाद की कमी को दूर करने की मांग कलेक्टर से की है। नगर पंचायत मगरलोड से कलेक्टोरेट पहुंचे किसान हीरालाल ध्रुव, तुषार ध्रुव, लेखराम, चेतनराम साहू, रामजी सोनी ने मगरलोड सोसाइटी में डीपीए एवं यूरिया खाद की बहुत कमी है। खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण फसल की वृद्धि कम गई है। किसान मजदूरी में 1350 रूपये की डीएपी को 1800 रूपये तथा 266 रूपये यूरिया बोरी को 800 रूपये में खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। खाद के लिए बार-बार काम छोड़ सोसाइटी का चक्कर लगाना पड़ रहा है जिससे वे आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। 13 गांव के सैकड़ों किसान मगरलोड सोसाइटी अंतर्गत आते हैं। किसानों ने सोसाइटी में शीघ्र खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।



#### मगरलोड खार सिंचाई सुविधा से वंचित

भारतीय किसान संघ मगरलोड के अध्यक्ष तोमन सिंग साहू, ग्रामीण कृषि समिति अध्यक्ष रामविशाल, सचिव मंशाराम साहू ने बताया कि राजाडेरा जलाशय से मगरलोड के समीपस्थ ग्राम शुक्लाभाठा और बेलरदोना खार की सिंचाई हो रही है। राजाडेरा जलाशय से पानी सिंचाई के लिए मगरलोड खार तक नाली बनाई गई है। दोनों नाली के बीच कुलापा निर्माण नहीं होने से मगरलोड खार सिंचाई सुविधा से वंचित है। किसानों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि एक कुलापा लगाकर सिंचित रकबा में मगरलोड खार को जोड़ने की मांग की है।

# हलषष्ठी पर शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिस प्रकार छठपूजा में सरकारी अवकाश घोषित किया जाता है, उसी प्रकार हलषष्ठी व्रत में भी शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग करते हुए छग महतारी महिला सेवा संस्थान ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने हलषष्ठी व्रत के लिए विशेष स्थान चिन्हांकित करने की भी मांग की ।

ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंची छत्तीसगढ़ महतारी महिला सेवा संस्थान की प्रदेशाध्यक्ष मोहनी साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष शमीना, भारती साहू, भारती सोनी, मंजु टेमरे ने बताया कि हलषष्ठी छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जो महिलाओं द्वारा अपने बच्चों की दीर्घायु एवं स्वास्थ्य की खुशहाली के लिए रखा जाता है।



इस व्रत को प्रायः हर महिला रखती है, वह भी निर्जला उपवास के साथ। इस व्रत को रीति-रिवाज से मनाया जाता है एवं समय पर विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान कामकाजी महिलाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। निर्जला उपवास के साथ पूजा की तैयारी और काम पर जाने की टेंशन उन्हें भारी पड़ती है।

उन्होंने मांग की है कि जिस प्रकार छठ पूजा में शासकीय अवकाश घोषित होता है, उसी प्रकार हलषष्ठी में भी शासकीय अवकाश घोषित किया जाए। जिस प्रकार छठपूजा के लिये विशेष स्थान तालाब चिन्हांकित हैं, उसी प्रकार हलषष्ठी के लिये विशेष स्थान होना चाहिए। उस स्थान को हलषष्ठी माता के नाम से पहचाना जाना चाहिए।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत, आठ घायल

- ग्राम राजपुर व मोहंदी छिपली मार्ग के पास हुई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

रविवार की शाम मगरलोड क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना 7 बजे के आसपास हुई। नगरी सिहावा में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम से लौटते वक्त विशाखापत्तनम रोड अंतर्गत राजपुर के पास हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इसमें लगभग 7 लोग घायल हो गए है। घायलों को 108 एंबुलेंस से कुरूद अस्पताल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार को पटेल समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सिहावा में रखा गया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने बारना राज पाली के पटेल समाज के लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी तूफान वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 5990 से वापस लौट रहे थे। सिक्सलेन विशाखापत्तनम रोड से वापस आ रहे थे। तभी राजपुर के आगे सड़क पर रखे मुरूम के ऊपर चढ़ने से वाहन पलट गया। इस हादसे में मेघा निवासी बुजुर्ग की मौत हो गई। लगभग 9 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर कुरूद और मगरलोड पुलिस पहुंच गई थी। घायलों को 108 एंबुलेंस से कुरूद इलाज के लिए भेजा गया। मृतक का शव पंचनामा के बाद मगरलोड पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना में कुमार पटेल 58 वर्ष पिता ठाकुर राम ग्राम मंदरौद, मनोज पटेल 46 वर्ष भीषण पटेल ग्राम खैरा,

पुरुषोत्तम पटेल 32 वर्ष पिता ललित पटेल ग्राम मेघा ,तुलसीराम पटेल 45 वर्ष पिता गुलाब राम ग्राम कोकड़ी, नीरज पटेल 35 वर्ष पिता थनेश्वर पटेल ग्राम सेलदीप के अलावा लगभग चार लोग और घायल हुए हैं।

घटनास्थल पर सुखऊ राम पिता बुधू राम पटेल 65 वर्ष पिता बुधराम ग्राम मेघा निवासी की मौत हो गई। वही वाहन मालिक था। इनका कोई रिश्तेदार वाहन चला रहा था। दूसरी घटना शाम 7.30 बजे मोहंदी छिपली मार्ग पर हुई । बाइक और कार की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार ग्राम दमकाडीह करेली बड़ी चौकी निवासी विरेन्द्र निषाद दोस्त मानव निषाद के साथ अपने ससुराल सोनेवारा राखी पहुंचाने गया था। राखी छोड़ कर शाम को घर जाने निकला हुआ था। मोहंदी छिपली मार्ग पेट्रोल पंप के सामने से आगे तेज रफ्तार बेलेनो कार ने ठोकर मार दी। ठोकर से दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोट आई है। दोनों को शासकीय वाहन 108 से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मानव निषाद की मौत हो गई। बाइक चालक विरेंद्र निषाद को प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी रिफर कर दिया गया। सोमवार को पुलिस ने मार्ग कायम कर पंचनामा पीएम के शव को परिजनों को सौंप दिया गया। कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

ग्रामीणों ने बताया कि सिक्सलेन निर्माण के दौरान ठेकेदार की बड़ी लापरवाही है। सड़क के बीचोंबीच मुरूम रख दिया गया है। वहां पर लगभग सड़क पूरी बन चुकी है और कई वाहन आना-जाना भी कर रहे हैं। तूफान वाहन चला आ रहा था। रात के अंधेरे में बीच में रखा मुरूम नहीं दिखा। इसमें चढ़ने के बाद वाहन पलट गया। सड़क अभी पूरी बनी भी नहीं है और हादसे होने लगे हैं।





# सड़क हादसे में मृत अज्ञात युवक की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल अज्ञात युवक की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कोसमर्रा निवासी के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार 7 अगस्त की सुबह भखारा के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल पड़ा था जिसे एम्बुलेंस द्वारा भखारा अस्पताल के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण घायल युवक की इलाज के दौरान रविवार की सुबह अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को मर्च्यूरी में सुरक्षित रख उसकी शिनाख्ति का प्रयास शुरू कर दिया। इसी दौरान गुमशुदगी दर्ज कराने भखारा थाना गए परिजनों को जिला अस्पताल में अज्ञात युवक की मौत होने की जानकारी मिली। परिजन तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। चौकी पुलिस ने परिजनों को मर्च्यूरी ले जाकर शव की पहचान कराई।



- भखारा के पास हुआ था हादसा

परिजनों ने मृतक की पहचान देशमुख पारधी पिता सोमलाल उम्र 40 वर्ष ग्राम कोसमर्रा थाना भखारा निवासी के रूप में की। पंचनामा कार्रवाई के दौरान मृतक के बड़े भाई मधु पारधी ने पुलिस को बताया कि देशमुख पारधी झाड़ू व चटाई बनाने का काम करता था। 7 अगस्त की सुबह देशमुख घर से निकलकर पैदल भखारा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान भखारा मार्ग से गुजर रहे अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को एक्सीडेंट कर दिया। वाहन की ठोकर से घायल युवक को एम्बुलेंस वाले उपचार के लिए भखारा अस्पताल ले गए थे। जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। युवक के घर नहीं लौटने पर तीन दिन से उसकी तलाश कर रहे थे। नहीं मिलने पर रविवार को गुमशुदगी दर्ज कराने थाना गए थे तब जानकारी मिली। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### फसल को आवारा पशुओं से बचाने किसानों ने कलेक्टर से मांगा मार्गदर्शन

# भालूकोना के खेतों में पड़ी दरार, सिंचाई पानी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद तहसील के ग्राम भालूकोना के किसान अल्पवर्षा और आवारा मवेशियों से चिंतित हैं। किसानों ने मुख्य नहर में सिंचाई पानी छोड़ने तथा आवारा मवेशियों से फसल को बचाने के लिए मार्गदर्शन कलेक्टर से मांगा है।

ग्राम पंचायत गोबरा के आश्रित ग्राम भालूकोना के किसान गौतम सोनवानी, सोहन लाल, रूपचंद, पवन सोनवानी, श्यामलाल, हिरामन बंजारे, एलएल सोनवानी, भागचंद चेलक ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि अल्पवर्षा होने के कारण ब्यासी, रोपाई, धान चलाई का कार्य अधूरा पड़ा है। धन के पौधे मरने लगे हैं। कृषि कार्य प्रभावित होने के साथ खेत पूरी तरह सूख गए हैं। मुख्य नहर के माध्यम से अतिशीघ्र सिंचाई पानी देने की माग की गई है।



#### आवारा पशुओं से हलाकान हैं किसान

भालूकोना के किसानों ने कलेक्टर से आवारा मवेशियों से निजात दिलाने के लिए मार्गदर्शन मांगा है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि ग्रामवासी एवं ग्रामीण समिति बाहर के मवेशियों को भालूकोना में लाकर छोड़ देते हैं। आवारा मवेशी गांव में लगी धान फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। लावारिस मवेशियों को गांव से बाहर छोड़ने पर बजरंग दल तथा पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। भय के कारण मवेशियों को बाहर नहीं छोड़ पा रहे हैं। गौशाला में भी रखने को तैयार नहीं है। आखिर मवेशियों को कहां छोड़े, इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन से मार्गदर्शन मांगा है।

### अजय बाबर लेखाधिकारी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वरिष्ठ लेखाधिकारी-2 कार्यालय रायपुर में अनुभाग अधिकारी के पद पर पदस्थ अजय बाबर की पदोन्नति लेखाधिकारी पद पर हुई है। विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन धमतरी, कुरूद संभाग के कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### पारंपरिक रेला पाटा नृत्य ने मोहा मन, वक्ताओं ने एकता और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

# विश्व आदिवासी दिवस पर दिखा संस्कृति और एकता का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के तत्वावधान में इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भाषाई एवं संवैधानिक चेतना को जागृत करने के उद्देश्य से हुआ। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय की गौरवशाली परंपराओं, रीति-रिवाजों, भाषा-बोलियों और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत दंतेश्वरी मंदिर, राजाबाड़ा नगरी में पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और गीत-संगीत के साथ नगर भ्रमण निकाला गया, जो राजाबाड़ा से होते हुए कृषि उपज मंडी तक पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार सजाए गए, जहां अतिथियों व प्रतिभागियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

इस दौरान बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक रेला पाटा नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे-धजे आदिवासी युवक-युवतियां गीत गाते, नाचते हुए नगर की सड़कों पर सांस्कृतिक रंग बिखेरते नजर आए। हजारों लोगों की भागीदारी ने इस अवसर को एक उत्सव का रूप दे दिया।








कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम, विशिष्ट अतिथि उमेश देव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी, पूर्व विधायकद्वय श्रवण मरकाम, लक्ष्मी ध्रुव, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत, पिंकी शाह पूर्व विधायक ,बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत, विशेष अतिथि टिकेश्वर ध्रुव, अध्यक्ष गोंड़वाना समाज तहसील नगरी, सुरेन्द्र ध्रुव, अध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी, रैनलाल देव अध्यक्ष आदिवासी हल्बा गढ़ सिहावा, श्रवण सोरी अध्यक्ष कमार समाज, रंजीत सोम, दयाराम वेदकार अध्यक्ष भुजिया समाज , जीवनलाल नाग अध्यक्ष 32 गढ़ हल्बा समाज थे। अध्यक्षीय उद्बोधन उमेश देव ने दिया। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 9 अगस्त को आदिवासी समाज के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक दिन बताया। महेश गोटा, प्रमोद कुंजाम ने विश्व आदिवासी दिवस के इतिहास की जानकारी दी। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अध्यक्ष डोमार सिंह ध्रुव ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर जोर दिया। कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी समाज के विभिन्न नृत्य दलों ने रेला पाटा व अन्य पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति दी। ढोल, मांदर और नगाड़ों की थाप पर कलाकारों की लयबद्ध गतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वक्ताओं ने आदिवासी समाज के ऐतिहासिक गौरव, सांस्कृतिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में अपनी भाषा-बोली, पहनावा, रीति-रिवाज और परंपराओं का संरक्षण ही हमारी असली पूंजी है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

इस आयोजन में नगरी अंचल के सैकड़ों गांवों से आए हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने इस अवसर को एकता और भाईचारे के अद्भुत प्रतीक में बदल दिया। मौके पर अध्यक्ष उमेश देव, रामप्रसाद मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, आर. एल. देव, पूरन नेताम, उत्तम नेताम, प्रमोद कुंजाम, हेमलाल मरकाम, शशिकला ध्रुव महिला अध्यक्ष, भिंडा नेताम, शशि ध्रुव, अनीता ध्रुव, सतरूपा तमावंशी, नीलू छेदैया, नरेश छेड़ैया, रमलू ठाकुर, पोखन नेताम, वेदप्रकाश मंडावी, धन सोम, शत्रुघ्न साक्षी, माखन ध्रुव, संतोष गंगेश, ओमप्रकाश देव, नेमीचंद देव, हृदय नाग, पुष्पा ध्रुव, देवीचरण ध्रुव, जोहन नेताम, शोभित वट्टी, नरेश मांझी, रामकुमार समरथ, रेमन शांडिल्य, गीना सोम, रोमी ध्रुव, राधेश्याम नेताम, संतराम नेताम, सोमनाथ सोम, उषा नाग, अकबर मण्डावी, ओंकार नेताम, अरुण नेताम, नागेन्द्र बोर्झा, डोमार सिंह नेताम, बीरबल पद्माकर, रीता नेताम, कन्हैया लाल नाग, सरिता नेताम, केशव टेकाम, शत्रुघन कश्यप, रुपेन्द्र मरकाम , रुपेश ध्रुव, संतोष कुंजाम, शारदा ध्रुव, रमेश मंडावी, उषा नेताम समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश ध्रुव, हरक मंडावी, सुरेंद्र नेताम, हुलास सूर्यकार एवं आभार प्रदर्शन युवा अध्यक्ष संत नेताम ने किया।

# कुरुद नगर सहित जनपद क्षेत्र के 33 तीर्थयात्री अयोध्या रवाना

■ भाजपा नेताओं ने दिखाई बस को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत नगर पंचायत कुरुद, भखारा एवं जनपद क्षेत्र के 33 लोगों को प्रभु श्रीराम चन्द्र के दर्शन करने अयोध्या धाम के लिए भेजा किया गया। भाजपा नेताओं ने तीर्थ यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए बस को हरी झंडी दिखा रवाना किया।

सोमवार सुबह जनपद पंचायत कुरुद के सामने लगी बस में नगर पंचायत कुरुद के चयनित 5 एवं भखारा के 4 लोगों सहित जनपद क्षेत्र के 24 तीर्थयात्रियों को चाय पानी पिलाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत हर साल प्रदेश के हजारों लोगों को धार्मिक पर्यटन की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। इस बार कुरुद क्षेत्र के 33 लोगों को अयोध्याधाम की यात्रा करने का सौभाग्य मिला है। जनपद पंचायत के करारोपण अधिकारी राकेश ध्रुव ने बताया कि कुछ महीने के अंतराल में तीर्थ योजना के तहत यात्रा का इंतजाम किया जाता है। अब तक करीब 6 बार में क्षेत्र के सैकड़ों लोग तीर्थ यात्रा का लाभ उठा चुके हैं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर आगे भी श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का इंतजाम किया जाएगा। बहरहाल तीर्थ यात्रियों को सुखमय सफर की शुभकामनाएं देते हुए कुरुद से रायपुर के लिए रवाना किया गया।



इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, महामंत्री प्रभात बैस, जनपद सदस्य टेकराम साहू, टकेश्वर दाऊ, पार्षद रविप्रकाश मानिकपुरी, प्रकाश धीवर, धर्मेन्द्र यादव, झालेन्द्र कंवर आदि उपस्थित थे।

# नपं कुरुद में पीआईसी की तीसरी बैठक हुई



■ नगर विकास से जुड़े दस विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत कुरूद में पीआईसी की तीसरी बैठक अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के अध्यक्षता में हुई। 10 बिंदुओं वाले नगर विकास के एजेण्डे में नपं उपाध्यक्ष, सभी सभापति ने नगर विकास के लिए सर्व सम्मति से निर्णय लिया।

बैठक में मुख्य रूप से 15 अगस्त तैयारी के संबंध में व्यय स्वीकृति, वार्ड क्रमांक 15 में आंगनबाड़ी भवन निविदा स्वीकृति, महिलाओं द्वारा पौधरोपण कर साल भर देखभाल करने की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सहित विभिन्न छोटे-छोटे मरम्मत कार्यों के लिए राशि स्वीकृति सहित पार्षद निधि द्वारा नगर में किये जाने वाले कार्यों की निविदा पर दर अनुमोदन किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापति मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुप्ता, इंजीनियर श्री सिन्हा एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

### सेजेस कंडेल में हुआ मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन

**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में प्रथम मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन पीटीएम प्रभारी नोडल अधिकारी नकुल वर्मा उपसंचालक जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथि सरपंच गिरधर सार्वा, नारायण साहू, रामाधार साहू थे। बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालक के बीच बेहतर समय स्थापित करने बच्चों की गतिविधियों से पालक शिक्षक दोनों को अवगत कराना है। शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से सकारात्मक माहौल निर्माण करना है। जिला नोडल अधिकारी नकुल वर्मा ने कहा कि छात्रों को पालक प्रोत्साहित करें और उनकी उचित आवश्यकताओं को पूरा कर घर में बच्चों की पढ़ाई पर नजर रखें। रविशदास ने बच्चों को बुरी संगत से दूर रखने के लिए पालकों से अपील की। प्राचार्य राहुल नेताम न नशामुक्त के लिए प्रयास करने तथा सामुदायिक सहभागिता के लिए सभी पालकों से अपील की।

# शिक्षक पालक बैठक में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

शासकीय हाईस्कूल बोड़रा में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी मगरलोड विकासखंड के बीईओ एमके ध्रुव थे।

प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने कहा कि पालक और शिक्षक मिलकर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकते है।

■ विद्यार्थी शिक्षकों से प्रश्न जरूर पूछे : बीईओ

मुख्य अतिथि बीईओ एमके ध्रुव ने कहा कि विद्यार्थियों की विषय संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या है तो शिक्षकों को जरूर बताएं। जब तक बताएंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। शिक्षकों से प्रश्न जरूर पूछे। व्याख्याता केके साहू ने परीक्षा परिणाम और छात्रवृत्ति की जानकारी दी। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हिरंजय साहू ने विद्यालय में पालकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। पालकों ने अपने अपने विचार रखे। इस दौरान जुलाई माह की मासिक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टीके साहू तथा आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य एचके बंसोर ने किया।

इस अवसर पर सरपंच केवल वर्मा, उपसरपंच योगेश्वर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साहू, सदस्य टेपराम साहू, पालक संतोष साहू, कृष्ण कुमार साहू, रूपनारायण सिन्हा, दिनेश्वरी, व्याख्याता डीके साहू, केएल साहू, सेवक प्रेमनारायण समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से न छूटे

■ पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों की प्रगति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच श्रीमती ललिता साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, चमन निर्मलकर, विजय साहू पंच ने किया।

शिक्षाविद जयराम निर्मलकर ने घर का वातावरण, दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, अकादमिक प्रगति पर पर प्रकाश डाला। विजय साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि खिलेंद्र साहू ने कहा कि सभी बच्चे अच्छी पढ़ाई लिखाई करें और माता -पिता के सपनों को साकार करें। गुरुजनों के आदेश का पालन करें। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने बच्चों की वार्षिक कार्ययोजना, शनिवार को बस्ता रहित दिन में व्यावसायिक शिक्षा, पोषण की जानकारी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, प्रतियोगी परीक्षा, नौनिहाल छात्रवृत्ति, राज्य छात्रवृत्ति, डिजिटल शिक्षा, दीक्षा एप्प, जादुई पिटारा, एफएनएन आदि विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानपाठक कुलेश्वर साहू ने कहा कि बच्चों को नशापान व सोशल मीडिया से दूर रहने, समाज की कुरीतियों से बचाने, कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से न छूटे, इस पर पालकों को विशेष रूप से ध्यान देना होगा।




गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, विजय साहू, चमन निर्मलकर, खिलेंद्र साहू, शिक्षक लोमश साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव, आरती यादव, सीताबाई साहू, सुकारो ध्रुव, दयाबाई नागरची, कोमल साहू ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मध्यान भोजन संचालनकर्ता सुकारो ध्रुव ने बच्चों को न्योता भोज के रुप में खीर, पूड़ी, आचार, पापड़, खिलाया। आभार व्यक्त प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका देवबती ध्रुव ने किया।

मौके पर शाला प्रबन्धन विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष शीतल पटेल, हीरालाल साहू, शिक्षाविद जयराम निर्मलकर, चमन निर्मलकर, हुलास पटेल, भूषण निर्मलकार, मिथुन ध्रुव, दुर्गा यादव, शोभाराम, विमला देवी, ईश्वरी यादव, तीजनबाई यादव, नरसिंह यादव, ठाकुरराम, शिक्षक लोमश साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

### दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई

# कलयुग में मुक्ति का एकमात्र मार्ग है श्रीमद्भागवत महापुराण : डॉ. यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख डॉ सीआर यदु थे। अन्य अतिथि अनिल जांगड़े, लीना बैस, तारिणी साहू, टाकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे, श्रीमती पुष्पा दर्रो, श्री डिगरे, लोकनाथ बैस, वालेंदु सिंह राजपूत, पृथ्वीराज साहू, टकेश साहू थे।

सहायक प्राध्यापक श्री डिगरे ने कहा कि भारत संतों का देश है और इसीलिए भारत को विश्व गुरु का दर्जा प्राप्त है। अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक पृथ्वीराज साहू ने वेदव्यास जी द्वारा रचित वेदों का उल्लेख करते हुए वेदों के वर्गीकरण और इसके सरलीकरण करने के पीछे कारणों का उल्लेख किया। साइंस के सहायक प्राध्यापक तारिणी साहू, लीना बैस ने गुरु को तीनों देव और स्वयं परमेश्वर से भी बड़ा बताया। समाजशास्त्र के प्राध्यापक वालेंदु सिंह ने कविता के माध्यम से वेदव्यास की जीवनी पर प्रकाश डाला। कंप्यूटर साइंस के सहायक प्राध्यापक डेविड कुर्रे ने संतों के मार्ग पर चलने और महान व्यक्तित्व और महापुरुषों के जीवन के संघर्षों को समझने और स्वयं के अंदर की प्रतिभा को समाजोपयोगी बनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया।




मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने वेदव्यास जी द्वारा रचित महाकाव्य महाभारत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वेदव्यास की लेखनी की पिपासा जब नहीं बुझी तब उन्होंने श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना ब्रह्मर्षि नारदजी के कहने पर भगवान गणेश जी द्वारा कराई जो कलयुग में मुक्ति का एकमात्र मार्ग है। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक श्रीमती पुष्पा दर्रो ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// उद्घोषणा //**
रा.प्र.क्र. .........अ-74 वर्ष 2024-25
ग्राम बगदेही तहसील भखारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमलेश्वरी पिता घासीराम ध्रुव जाति गोड निवासी ग्राम बगदेही पटवारी हल्का नं. 21 तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि स्वयं के जन्म दिनांक 14/01/1989 को ग्राम बगदेही में हुआ है। आवेदिका अपने जन्म दिनांक का आज तक पंजीयन नहीं कराया है। आवेदिका अपने जन्म दिनांक 14/01/1989 को शासकीय कार्य हेतु आधार कार्ड में सुधार हेतु जन्म प्रमाण पत्र की मांग किया है। जन्म प्रमाण की मांग हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा शपथ पत्र प्रवेश दाखिल प्रमाण पत्र मय अन्य दस्तावेज की प्रति पेश किया है ।

अतः आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्व पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से देशी दिनांक 13/08/2025 तक न्यायालय में स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया ।

तहसीलदार
भखारा

### चरमुड़िया स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

# बुनियादी शिक्षा से ही रोजगार के अवसर मिलते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं सर्वांगीण विकास पर जोर देना था। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी शलराजू रात्रे मंडी सचिव कुरूद ने कहा कि आज की दौड़ में स्कूल स्तर की बेहतर एवं बुनियादी शिक्षा ही रोजगार के अवसर को बढ़ाता है और यह अवसर पालकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय से ही संभव है। साथ ही श्री रात्रे ने धमतरी की हाईस्कूल परीक्षा 2025 में टॉप पर रहने वाले चरमुड़िया के छात्र समीर साहू को नगद 1000 देकर सम्मानित किया गया।



शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल ने पालक शिक्षक बैठक को बच्चों की विकास के लिए एक अच्छा माध्यम बताया साथ ही बच्चों को आगे बढ़ने का मार्ग भी बताया। विद्यालय की शिक्षिका निधि सोनी, ममता सोनटके, सरिता चंद्राकर ने पीटीएम बैठक के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पालक खिलावन साहू ने इस बैठक को बहुत अच्छा प्लेटफार्म बताते हुए बच्चों को नियमित पढ़ाई कर शिक्षकों द्वारा बताए गए ज्ञान को जीवन में उतार कर एक अच्छे नागरिक बनने पर जोर दिया। विद्यालय प्राचार्य आरके सिन्हा ने इस मुहिम के माध्यम से पालकों को बच्चों की प्रगति हेतु उनकी कमियां, परीक्षा से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए नियमित योग एवं ध्यान पर जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन लेखराम साहू ने किया। मौके पर गांव प्रमुख श्रीमती नीतू तेजेंद्र तोड़कर सरपंच, श्रीमती उर्वशी जितेंद्र बधेकर जनपद सदस्य, सुरेंद्र जोशी, प्रेमलाल निर्मलकर, आशीष पटेल, राहुल बधेकर, संतोष यादव, लोमश देवांगन, कृतिका करसेल, गणेश ध्रुव, दामिनी साहू, गुलशन खातून समेत अन्य उपस्थित थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर सेनचुवा में हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम सेनचुवा में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। ईश्वर गौरा गुड़ी की सेवा अर्जी, पूजा पाठ के बाद जिलास्तरीय कार्यक्रम भखारा में शामिल हुए।

इस अवसर पर जितेंद्र साहू सरपंच सोहन मंडावी, गोपाल सूर्यवंशी, नंदकुमार मंडावी, चेतन, कामता, टिकेश्वर मंडावी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर आज कार्यशाला

**कांकेर।** विद्युत विभाग कांकेर के द्वारा पीएम सूर्य घर योजना की आम जनों को व्यापक एवं सरल जानकारी देने के लिए 12 अगस्त मंगलवान को न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में दोपहर 2 बजे से कार्यशाला एवं शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विभाग से योजना में प्रशिक्षित अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय वेंडर के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही पीएम सूर्य घर योजना पोर्टल में उपभोक्ता का तुरंत पंजीयन कराए जाने की व्यवस्था भी रहेगी।

### युवक ने आत्महत्या की कारण अज्ञात

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत 30 वर्षीय मुकेश दुग्गा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आलकन्हार निवासी मोहन दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मृतक का मानसिक स्थिति एक सप्ताह से ठीक नही था और 4 अगस्त से घर में किसी को जानकारी दिए बीना कही चला गया था। पता तलाश करने के दौरान 10 अगस्त को उसका शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला।

### जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 65 वर्षीय जोहल मंडावी के ऊपर जंगली जानवर ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। झलियामारी निवासी सोहन मंडावी ने पुलिस को बताया कि 5 अगस्त को मृतक को जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया। मृतक के शरीर पर पंजा का निशान है।

### डूबने से बुजुर्ग महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत 68 वर्षीय खुजीबाई बोगा का नाला में डूबने से मौत हो गया। गुडफेल निवासी 42 वर्षीय रिसाल बोगा ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त को मृतिका नाला में डूब गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 28 वर्षीय रामजी सलाम का इलाज के दौरान 7 अगस्त को मौत हो गया। सीएचसी पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर सांसद भोजराज करेंगे ध्वजारोहण

**कांकेर।** राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण पश्चात उनके द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा।

### युवती ने दुपट्टे से फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत 24 वर्षीय अश्वनी कुंजाम ने परीवारिक बात को लेकर 9 अगस्त को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

---

ग्राम पटेल ने अपने बेटे की स्मृति में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें लाइब्रेरी को भेंट की

# लाइब्रेरी "थाती" बच्चों के भविष्य को देगी नई दिशा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासन की कोई भी योजना तभी सफल होती है जब उसे आमजन का सहयोग और समर्थन मिले। इसी सोच को आधार बनाते हुए सेजेस सिंगपुर के शिक्षकों ने थाती लाइब्रेरी को सामुदायिक सहयोग से सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन विकास समिति (एसएमडीसी) एवं पालकों के साथ कई दौर की चर्चा हुई। सर्व समाज प्रमुखों की अलग-अलग बैठकों में तय किया गया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक मजबूत और संसाधनयुक्त लाइब्रेरी की स्थापना की जाए।



बच्चों के जीवन में पुस्तकों के महत्व को समझाने के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन और सामूहिक चर्चाएं आयोजित की गईं। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में पालक स्वयं इस अभियान से जुड़ने लगे। विशेष बात यह कि इसमें वे पालक भी शामिल हैं जिनके बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत नहीं हैं। इस अभियान को नई ऊर्जा मिली जब पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती कृष्णा गंगासागर और ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर ने अपने छोटे बेटे स्व. तारेंद्र गंगासागर की स्मृति में दर्जनभर उच्चस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें थाती लाइब्रेरी के लिए कलेक्टर को भेंट कीं। इस अवसर पर जितेंद्र गंगासागर ने लोगों से अपील की कि वे अपने परिजनों की स्मृति, विवाह वर्षगांठ अथवा पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर विद्यालय को पुस्तकें भेंट करें क्योंकि बच्चों के ज्ञान-यज्ञ में पुस्तकों के रूप में आहुति देना सबसे बड़ा पुण्य है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने गंगासागर परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में ऐसे जागरूक पालकों की पहल मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने जन समुदाय को इस महाअभियान में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने प्रभारी शिक्षिका मोनिका रावटे एवं अन्य शिक्षकों से पुस्तकों की उपलब्धता और बच्चों द्वारा उनके उपयोग पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से थाती को और सशक्त व समृद्ध बनाने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि विद्यालय एवं पालकों के सामूहिक प्रयास से यह लाइब्रेरी भविष्य में निश्चित ही रंग लाएगी।

---

# मौहाबहारा के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क के लिए तरस रहे

- नेता चुनाव के बाद भूल जाते हैं बड़ी-बड़ी घोषणाएं और लोकलुभावन वादे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम मौहाबहारा के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। दशकों बाद भी कच्चे और जर्जर रास्तों से होकर गुजरना उनकी मजबूरी बन गई है। दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गांव से बाहर निकलना ग्रामीणों के लिए किसी संघर्ष से कम नहीं।

गांव से उमरगांव और नवागांव तक दो प्रमुख संपर्क मार्ग हैं, पर दोनों की हालत बेहद खराब है। बरसात में ये रास्ते कीचड़ में बदल जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन शासन-प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। गांववासियों की सबसे बड़ी नाराजगी नेताओं से है। उनका आरोप है कि नेता केवल चुनाव के समय आते हैं, बड़ी-बड़ी घोषणाएं और लोकलुभावन वादे करते हैं, लेकिन जीत के बाद गांव की सुध लेना भूल जाते हैं।



मौहाबहारा सरपंच भुनेश कुमार नेताम, उपसरपंच संतोष कुमार मरकाम, पंच कविता वट्टी, गौतम सोरी, चंद्रिका मरकाम, शांति नेताम, जसवन नेताम, गोमती मरकाम, टिकेश्वरी नेताम, राकेश नेताम, सुरेंद्र कुमार सिन्हा, रामकुमार नेताम, चैती बाई कुंजाम, ग्राम सभा अध्यक्ष केजू राम सोरी सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के दशकों बाद भी वे पक्की सड़क से वंचित हैं और आदिकाल जैसी परिस्थितियों में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीण चैनसिंह नेताम, कन्हैया मंडावी, परशुराम वट्टी, देवीराम मरकाम, सुमर सिंह मरकाम, मुन्ना मरकाम, सत्यप्रकाश नेताम, भगवान सिंह यादव, दिनेश मरकाम ने कहा कि विकास की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए पक्की सड़क जरूरी है। ग्रामवासियों ने शासन-प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण की मांग की है, ताकि उन्हें इस बदहाल स्थिति से निजात मिल सके।

---

# जहर सेवन कर दो युवक ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अलग-अलग घटनाओं में दो युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार ईश्वर यादव पिता विष्णु उम्र 22 वर्ष मूल रूप से ग्राम कठिया थाना गोबरा नवापारा का रहने वाला था। वह काम करने परिवार के साथ कुरूद आया था। युवक कुरूद में रहकर अपनी मां व छोटे भाई के साथ वहीं की एक राइस मिल में काम कर रहा था।

**कुरूद व गुरूर की घटना**

रविवार को युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जानकारी होने पर छोटे भाई शेखर यादव युवक को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गया। गंभीर हालत को देखते हुए युवक को कुरूद से जिला अस्पताल रिफर कर दिया। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां रविवार की दोपहर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

इसी तरह एक अन्य घटना में गुरूर के काडा कालोनी निवासी अनमोल राजसिंग पिता राजेन्दर सिंग उम्र 22 वर्ष अपने पिता के साथ गुरूर स्थित वाहन शोरूम में काम करने जाता था। पिता का कहना है कि अनमोल गुस्सैल प्रवृत्ति का था। रविवार को युवक ने सभी का मोबाइल नंबर ब्लाक कर देने की बात परिजनों को कही थी। शाम को युवक ने उल्टी की तब परिजनों को उसके जहर सेवन कर लेने का पता चला। जानकारी होते ही परिजन युवक को उपचार के लिए गुरूर अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर मसीही अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को दोनों शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया है। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारणों का पता नहीं चल पाया है।

---

# अंवरी स्कूल में छात्रसंघ का गठन

शाला नायक डिगेश व उपशाला नायक काजल चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी के प्राचार्य पीएन साहू व शिक्षकों के सहयोग से छात्र संघ का गठन किया गया। शाला नायक कक्षा 12वीं विज्ञान डिगेश धीवर, उपशाला नायक कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से काजल ध्रुव बनी। छात्र-छात्रा प्रतिनिधि डाली, तृप्ति रानी, तमन्ना, तामेश्वरी, सांस्कृतिक प्रतिनिधि भीमेश्वरी सेन, रिया पटेला, हिमेश लहरे, सेलिना, प्रशांत पाटले, स्काउट गाइड प्रतिनिधि गौरव कुमार व खुशी साहू, रेडक्रॉस प्रतिनिधि मीनाक्षी व शायना, क्रीड़ा प्रतिनिधि अमित नारायण, खुशबू, हर्षिता, कृष्णा चंदेल, स्वच्छता प्रतिनिधि पोखन साहू, धनेश्वरी, डोमेन्द्र कुमार, युवराज टंडन, कक्षा नायक व उपनायक क्रमशः कक्षा 12वीं कला मोनिका साहू, अमित नारायण, 12वीं विज्ञान-उत्तम कुमार साहू, गीतांजलि, 12वीं कॉमर्स-मयंक साहू, थानेश्वरी ध्रुव, 11वीं कला तुलसी साहू, प्रशांत पाटले, 11वीं विज्ञान तुलसी साहू, भावेश कुमार, 11वीं कॉमर्स चांदनी साहू, प्रियंका साहू 10वीं (अ) ईशा, थनेश्वरी, 10वीं(ब) महिमा, यणु, 9वीं (अ) कुमकुम, करुणा, 9वीं (ब) शिवानी, श्वेता किशोरी, बालिका छात्र संघ प्रतिनिधि 9वीं (अ) से भावना, श्वेता 9वीं (ब) कु लावण्या, करुणा, 10वी सेलिना, विशाक्षी, 11वीं निर्मला, तुलसी, 12वीं रिया पटेला, डाली सेन, थानेश्वरी, तोमेश्वरी, अनुशासन सचिव 12वीं कौशल कुमार, थानेश्वरी, 11वीं हर्षिता, भावेश पटेल चयनित हुए। व्याख्याता आईआर साहू ने छात्र संघ प्रतिनिधि को दायित्व निर्वहन के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्राचार्य पीएन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, लालबहादुर साहू, योगेश साहू, पूर्णानंद सारंग, व्याख्याता श्रीमती पी सिन्हा, केएल घोघरे, स्वाति टण्डन, वत्सला चन्द्राकर, गीता जांगड़े, विज्ञान सहायक शिक्षक डीके साहू, राम्हू ध्रुव, झनक लहरे, पी. डहरे, नरसिंग नेताम व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

---

# इर्रा में पंचायत प्रतिनिधियों ने चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत इर्रा में रविवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत गांव के सार्वजनिक शौचालय सहित जाम नालियों, कचरे से भरी गलियों और आसपास के गंदे क्षेत्र की सफाई की गई।

इस अभियान में सरपंच सूर्यकांत साहू, उपसरपंच यामिनी साहू सहित पंच लक्ष्मी निषाद, लेखराम कामड़े, चित्ररेखा महार, नीरा साहू, यामिनी साहू, रमेश साहू, छविलाल साहू, जयंती साहू, खिलेश्वरी साहू, गंगा राम साहू, दामेश्वरी साहू, यामिनी साहू, राधेलाल साहू, संतोषी साहू का योगदान रहा। गांव के कई नागरिक भी इस मुहिम से जुड़े। उन्होंने साफ-सफाई में अपना श्रमदान देकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। सरपंच सूर्यकांत साहू ने 2 साल से बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय को नल कनेक्शन से जोड़कर व्यवस्थित किया।

ग्राम प्रमुख योगेश्वर साहू, ग्राम पटेल धनमोहन साहू,सेवाराम साहू, राजकुमार आसनी, गंभीर साहू, चुम्मन साहू ने हौसला बढ़ाया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को जारी रखने का आश्वासन दिया। यह अभियान गांव को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि गांव को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल प्रशासन की नहीं, हर नागरिक की भी है। नियमित सफाई से गांव न केवल स्वच्छ रहेगा बल्कि ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।

---

# भैंसमुंडी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

- जनप्रतिनिधि हुए शामिल, भारत माता के जयकारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आह्वान तथा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के दिशा निर्देश तथा अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के मार्गदर्शन में सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम भैंसमुंडी में

10 अगस्त को एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण कर तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य वक्ता गौकरण साहू ने कहा कि जापान और इजरायल जैसे देशों के नागरिकों में देशभक्ति का जज्बा बना हुआ है। यदि इजराइल, जापान के लोगों में देश के प्रति जज्बा सम्मान का विषय है। वैसे ही भारत देश के नागरिकों को एकजुट होने की जरूरत है। ऐसा जज़्बा नागरिकों में आ जाए तो देश के ऊपर आंच नहीं आ सकती। प्रधानमंत्री मोदी तिरंगा यात्रा के माध्यम से यही संदेश देना चाहते हैं। डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनेकों वीरों ने अपनी कुर्बानी दी जिनका नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज है। यह तिरंगा यात्रा लोगों के देश के प्रति जज्बा और देश प्रेम को याद दिलाती है। थानेश्वर तारक महामंत्री ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत आगे हैं। चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो या सर्जिकल स्ट्राइक हो भारत के सामने पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े। भारतीय सैन्य शक्ति पाकिस्तान पर भारी रहा और पाकिस्तान को नतमस्तक होना पड़ा। विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर ग्राम भैंसमुंडी में पौधरोपण कार्य की स्वीकृति हुई है। यह कार्य वन विभाग के द्वारा किया जाना है, जिनका शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू व अतिथियों डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष, थानेश्वर तारक महामंत्री, शकुंतला रूपचंद देवांगन सभापति जनपद पंचायत कुरूद, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, ओमप्रकाश यादव सरपंच भैंसमुंडी, देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, नरेंद्र ध्रुवंशी दर्रा सोसाइटी अध्यक्ष, डॉ रोशन साहू पूर्व जनपद सदस्य, दुर्गा साहू पूर्व सरपंच, राजेंद्र साहू उपसरपंच संकरी, योगेश साहू सिर्री मंडल सदस्य, जानकी यादव उपसरपंच, लक्ष्मीकांत युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, दुर्योधन निषाद बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में हुआ।

---

# फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग संस्था में रक्षाबंधन पर्व मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग रुद्री में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लाह से मनाया गया। ट्रेनिंग ले रहे लड़के और लड़कियों ने एक दूसरे को राखी बांधी। मयंक कुमार बहन नहीं होने से बहुत दुखी था लेकिन यहां आकर उन्हें बहनों का प्यार मिला। रक्षाबंधन पर राखी बंधवाकर बहुत ही खुश हुआ। उसने बताया कि यहां ट्रेनिंग में आकर मुझे यह महसूस नहीं हुआ कि आज रक्षाबंधन मेरी कलाई खाली रहेगी। यहां आकर मुझे बहनों का प्यार मिला और मेरे लक्ष्य को गति प्राप्त हुई। मैं सेना में जाकर देश सेवा करना चाहता हूं। इसी तरह कुमारी पदमिनी का भाई नहीं है। उसने बताया कि यहां आकर भाई की कमी महसूस नहीं हुई। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के संस्थापक व ट्रेनर एलके साहू ने कहा कि हजारों युवा सेना में जाकर देश की सेवा कर रहे हैं। हमारी संस्था में रक्षा बंधन पर्व मनाया गया। मौके पर अजय राहुल, कमेंद्र, नीलम, संतोष, नीरज, उज्ज्वल, संतोष, सोमेश, कोमिन, होलिका, पदमिनी, दुर्गेश्वरी, प्रीति, काजल, तनू, शेष कुमारी, झरना समेत अन्य मौजूद थे।

---

# सोरिद वार्ड के नाला में मलबा जलकुंभी से पानी का फ्लो रूका

भरींपारा के रहवासियों ने निगम से मरम्मत व सफाई करवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



सोरिद वार्ड के भरींपारा के रहवासी इन दिनों सोरिद नाला से परेशान हैं। नाला में जमे गंदगी, मलबा, जलकुंभी की सफाई नहीं होने से बारिश में बहने वाला गंदा पानी जाम हो जाता है। पानी का फैलाव बाहर तक आ जाता है। गंदे पानी के जमावड़े से आसपास असहनीय बदबू उठती है जो लोगों को दिन परेशान कर रही है। वार्डवासी गजानंद साहू, किशोर देवांगन, भगवानी सिन्हा, अमित देवांगन, मुकेश रजक, खिलेश नेताम, पूरन सिन्हा, गोलू सिन्हा, बलीराम साहू, रवि देवांगन, सूरज देवांगन, किशोरीलाल आदि ने बताया कि सोरिद नाला मंडी नाला से शीतला मंदिर तक काफी खराब है। लगभग 200 मीटर तक क्षेत्र में गंदगी व्याप्त है। कई महीने से नाला की सफाई एवं मरम्मत की मांग कर रहे हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि नाला को साफ करने जेसीबी, चेन माउंटेन मशीन भेजे। मशीन की सहायता से 200 मीटर तक दायरे में गहराई तक सफाई होगी। इससे गंदगी और जलकुंभी हट जाएंगे। सफाई के बाद पानी का फ्लो ठीक हो जाएगा। यह स्थिति गर्मी में भी रहती है। तेज गर्मी में पानी सूखकर दुर्गन्ध देता है। बारिश में जलभराव से परेशानी होती है। तेज बारिश में दिक्कतें और बढ़ जाती हैं। नाला का ओव्हर फ्लो पानी बस्ती तक पहुंच जाता है। स्थानीय निवासी लिखित और मौखिक में शिकायत दर्ज करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने बताया कि 200 मीटर नाला में वाल का निर्माण नहीं हुआ है जिससे नाला का पानी घरों में घुसता है। जहरीले जीव-जंतुओं से हमेशा डर बना रहता है। उन्होंने अविलंब सफाई और मरम्मत कार्य प्रारंभ करने की मांग की है। अन्यथा वार्डवासी आंदोलन करने मजबूर हो जाएंगे।

---

# स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर विहिप की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्थापना दिवस और अन्य गतिविधियों के सफल संचालन के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने रखी। बैठक में राजिम विभाग के विभाग मंत्री सौरभ अग्रवाल शामिल हुए। सौरभ अग्रवाल ने विश्व हिंदू परिषद धमतरी के कार्यों की विशेष सराहना की। विभाग मंत्री ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन के साथ संगठन विस्तार करने के निर्देश दिए। आनंद स्वरूप मेश्राम ने गौ तस्करी की गाड़ी पकड़ने के लिए कानूनी पहलू को समझाया।

जिला अध्यक्ष यशवंत साहू ने आगामी कार्यक्रमों को योजनाबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए।



जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने आगामी स्थापना दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी। मौके पर जिला सहमंत्री दिलीप साहू, जिला संयोजक रवि कुमार साहू, जिला संयोजिका भूमिका कोर्राम, जिला सह संयोजिका कविता कुर्रे, जिला सह संयोजक तुषार साहू, जिला सह गौ रक्षा प्रमुख नमन जैन, प्रखंड अध्यक्ष प्रीतम साहू, प्रखंड सहमंत्री नेमचंद साहू, प्रखंड सह संयोजक डिकेश साहू, प्रखंड संयोजिका ऋतु साहू, प्रखण्ड सह संयोजिका कुमारी हिमांशी साहू, खण्ड मंत्री पुरूषोत्तम साहू, पुर्नेश सार्वा, रंजीत साहू शामिल रहे।

---

# रामलला के दर्शनार्थ भटेली से तीर्थ यात्री रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भगवान श्रीराम चन्द्र के दर्शन करने अयोध्या धाम के लिए लॉटरी सिस्टम से चयनित नगर पंचायत नगर भखारा सहित क्षेत्र के चार नागरिक 11 अगस्त को रवाना हुए। छग. शासन मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत लगातार अयोध्या दर्शन हमारे नागरिकों के लिए चल रहा है। नगर पंचायत से उन्हें विदा किया गया। तत्पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय कुरूद के पास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर हरख जैन, विष्णु साहू, हितेंद्र साहू, कमलेश साहू, चोवा ढीढी, मीना निषाद सहित तीर्थ यात्री उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### संजय बने बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश महासचिव


**धमतरी।** बंगाली एसोसिएशन धमतरी में वर्ष 2025 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया है। जिलाध्यक्ष संजय भट्टाचार्य, महासचिव दिनेश डे, कोषाध्यक्ष देवाशीष पाटेकर चुने गए। नवनियुक्त महासचिव श्री पाटकर ने पुरानी कार्यकारिणी को भंगकर नई कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी में देवाशीष हाजरा, सुभाष मल्लिक, तरूण डेरा, इंद्रजीत मुखर्जी, श्यामल साव, नीरा बेरा, तारक ओझा, जयंत मंडल, नितिश डे, एसके नागचौधरी, डॉ प्रदीप पोद्दार, राजू दत्ता, शंकर दास और सुबिर दास को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी के गठन के बाद एक बैठक का आयोजन कर आने वाली शारदीय नवरात्रि में दुर्गा पूजा को लेकर कई निर्णय लिए गए।

### सिंचाई के लिए पानी छोड़ने पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की चर्चा



**धमतरी।** क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी की कमी और फसलों के सूखने की स्थिति को देखते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कलेक्टर से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सिंचाई के लिए तत्काल नहरों में पानी छोड़ने की मांग की। श्रीमती साहू ने बताया कि लगातार बारिश न होने के कारण खेतों में नमी समाप्त हो गई है। किसान चिंतित हैं कि यदि जल्द ही पानी नहीं मिला तो फसल पूरी तरह नष्ट हो सकती है। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए सिंचाई के लिए पानी छोड़ने जल्द कार्यवाही की जाएगी।

### ग्रामीणों ने लिया हाथी दिवस मनाने का संकल्प



**धमतरी।** 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर हाथी मित्र प्रेम शंकर चौबे के नेतृत्व में मरादेव सरपंच शीला, महेश, सविता, सियादेही सरपंच दुर्गेश चंद्रवंशी, कुकरेल सरपंच ओंकार सिंह नेताम, कांटाकुर्रीडीह सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी ध्रुव, पूर्व उपसरपंच ग्राम झुरातराई, प्रीतराम मांडवी ने विश्व हाथी दिवस मनाने का संकल्प लिया। प्रेमशंकर चौबे ने कहा कि हम हाथी दिवस मनाने की हर साल कोशिश करेंगे और वन विभाग के नियम निर्देशों को पालन करेंगे। हाथी संबंधी हर सूचना गांवों में पहुंचाई जाएगी ताकि हाथी मानव द्वंद्व को रोका जा सके।

### माशिमं में रक्षाबंधन उत्सव मना

**धमतरी।** मानस शिशु मंदिर जोधापुर में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानपाठक भीमसेन ध्रुव ने मां सरस्वती और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर किया। राखी बनाओ, रंगोली थाल सजाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### गाली-गलौज करने से मना करना पड़ा भारी, घायलों का चल रहा इलाज

# गुजरा में पिता-पुत्र पर चाकू से हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी/अंवरी








मामूली बात को लेकर दो युवकों ने अपने नाबालिग साथी के साथ मिलकर पिता व पुत्र पर धारदार चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी भुवन साहू पिता तीजूराम उम्र 23 वर्ष के घर रविवार को उसकी बच्ची का छट्ठी कार्यक्रम चल रहा था। शाम को गांव के उसके बड़े पापा भागीराम साहू व उसका पुत्र बीरेन्द्र साहू भी छट्ठी कार्यक्रम में गए थे। रात्रि में भागीराम छट्ठी घर से वापस अपने घर लौट आया। भागीराम अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान गांव के तोमेश्वर साहू उर्फ तरूण, शेषनारायण साहू अपने एक अन्य साथी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। भागीराम ने युवकों को गाली-गलौज करने से मना किया। तीनों भागीराम को धमकी देते हुए वहां से चले गए। रात्रि 8.30 बजे उसके पुत्र मिथिलेश साहू ने फोन पर तीन युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट करने की जानकारी दी। भागीराम अपने पुत्र बीरेन्द्र के साथ मौके पर पहुंचे जहां तीन युवक मिथिलेश के साथ मारपीट कर रहे थे। बीचबचाव करने पर तोमेश्वर साहू ने अपने पास रखे धारदार चाकू से पिता भागीराम, बीरेन्द्र व मिथिलेश पर हमला कर कर दिया।

घायलों को उपचार के लिए तत्काल श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल भागीराम व बीरेन्द्र का उपचार जारी है। घटना के बाद तीनों आरोपी गांव से फरार हो गए जिसमें से नाबालिग रायपुर भाग गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए भखारा पुलिस सूचना पर तत्काल गुजरा पहुंची और दो आरोपी को हिरासत में ले लिया। वहीं तीसरे आरोपी को रायपुर से पकड़कर थाना लाया गया।

घायल के भतीजे भुवन साहू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी तोमेश्वर साहू उर्फ तरूण पिता भूपेन्द्र उम्र 18 वर्ष 4 माह व शेषनारायण साहू पिता देवेन्द्र उम्र 18 वर्ष 11 माह दोनों ग्राम गुजरा थाना भखारा निवासी को धारा 109, 3-5 बीएनएस के तहत हत्या का प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर विधिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया है। वहीं अपराध में शामिल एक आरोपी के नाबालिग होने के कारण उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया।

## भाजपाइयों ने बठेना बस्ती में घर-घर फहराया तिरंगा



■ पीएम मोदी ने आपरेशन सिंदूर से राष्ट्रध्वज का बढ़ाया गौरव : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रत्येक लोगों को राष्ट्र के प्रति समर्पण से जोड़कर देशभक्ति की भावनाओं का संचार करने के लिए हर-घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त तक चलाया जायेगा। इसी क्रम में भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने बठेना वार्ड में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर पहुंचकर तिरंगा फहराते हुए सभी से आह्वान किया कि आजादी के इस महापर्व में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। श्री गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह बता दिया है कि देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति श्रद्धा और निष्ठा के साथ समर्पित भाव से सेना के साथ खड़ा होकर हर कठिन समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार है और उनकी यही भावना ने विश्व पटल पर देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगा का गौरव बढ़ाया है। आज प्रत्येक देश भारत को मान-सम्मान के साथ देखते हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश संगठन ने 15 अगस्त से पूर्व घरों में तिरंगा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जिसके लिए कार्यकर्ताओं द्वारा अपना योगदान दिया जा रहा है। घर घर तिरंगा अभियान को गति देने के लिए श्यामलाल पार्षद, महावीर सिन्हा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, पुरुषोत्तम कोसरिया, सत्यनारायण सिन्हा, आयुष शर्मा, कार्तिक ध्रुव, दुलसिंग ध्रुव, विमला साहू, गंगा बाई, सत्तु सिन्हा, जानकी बाई, आरके शर्मा उपस्थित थे।

## जीवन जीने की कला सत्संग से मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कबीर मंदिर डोमा (गुजरा) में आयोजित पंद्रह दिवसीय कबीर बीजक सत्संग समारोह के प्रथम दिन श्रोताओं को संबोधित करती हुई साध्वी चन्द्रकला साहेब ने कहा कि हमें अपने संस्कारों से मजबूत बनाना चाहिए। पालक अपने बच्चों को सुन्दर संस्कार दीजिए और वह तभी हो सकेगा जब माता - पिता खुद संस्कारी बनें। अपने माता-पिता, बड़े बुजुर्गों का सम्मान करेंगे। जीवन जीने की कला संतों के सत्संग से मिलती है। कार्यक्रम में संत रमेश साहेब (आश्रम प्रमुख), संत पंचम साहेब गोरखपुर, संचालक संत विजय साहेब, ध्रुव साहेब, विमल भण्डारी, रामशरण साहेब मंचासीन रहे। सत्संग सुनने नरेन्द्र कुमार बनपेला, लीलाराम साहू, डॉ. दयालाल साहू, टीकम राम साहू, टिकेश बनपेला, बृजभान साहू, कुबेर सिंह साहू, धरमसिंह गंजीर, संजय साहू, दिनेश साहू, इंदिरा देवी, जुगन देवी, भारती देवी, शिवबती देवी, संतोषी देवी, सुशीला देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## हिमांशु धमतरी विकासखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में धमतरी विकासखंड के सरपंच संघ का चुना हुआ। 94 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने सर्वसम्मति से ग्राम दर्री के युवा सरपंच एवं सिविल इंजीनियर हिमांशु शेखर साहू को संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया। चुनाव के दौरान सभी सरपंचों ने एक स्वर में श्री साहू के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उनका स्वागत किया।

अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू दर्री, सचिव हेमंत नेताम लीलर, कोषाध्यक्ष रामकुमार यादव सारंगपुरी, सह सचिव श्रीमती टिकेश्वरी ध्रुव बंजारी, उपाध्यक्ष श्रीमती दानेश्वरी यादव छाती, बालकृष्ण निषाद चिखली, श्रीमती टिकेश्वरी साहू अरौद, श्रवण साहू सेमरा बी, उमेश्वर नेताम खरतुली, श्रीमती लक्ष्मी बया रुद्री, संरक्षक श्यामसुंदर सिन्हा सोरम, सलाहकार श्रीमती प्रसुन शुक्ला बेंद्रा नवागांव, श्रीमती देववती कोर्राम रींवागहन, मीडिया प्रभारी प्रेमू चंद्रवंशी परसुली बनाए गए।

अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद हिमांशु शेखर साहू ने कहा कि मैं संघ के कार्यों को निष्पक्ष, बिना पक्षपात और राजनीतिकरण से दूर रखकर पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा। हमारा मुख्य लक्ष्य संघ की समस्याओं को दूर करना और ग्राम पंचायतों की हर समस्या को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना होगा।

उन्होंने विशेष रूप से महिला सरपंचों का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर सभी बहनों ने मुझे यह दायित्व सौंपा है, मैं इसे सम्मान और सेवाभाव से निभाऊंगा।

## साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा ने मनाया रक्षाबंधन महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ बैठक में अंतरजातीय प्रकरणों का निपटारा हुआ

साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा का रक्षाबंधन महोत्सव एवं सामाजिक बैठक रविवार को हुई। कार्यक्रम दो सत्र में हुआ। प्रथम सत्र में भगवती साहू सभापति, हंसराज साहू, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज पहुंचे। अपने उद्बोधन में गोपाल साहू ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। उसके बाद अंतरजातीय प्रकरणों का निपटारा किया गया। समीक्षकों ने सामाजिक बंधन में रहकर रीति-नीति को अपनाने की सीख दी। दिवतीय सत्र में ओंकार साहू विधायक, श्रीमती कविता योगेश जिला पंचायत सदस्य, ब्रजेश जगताप जनपद सदस्य के साथ जिला पदाधिकारी लीलाराम साहू, टीकाराम साहू, सरपंच श्रीमती भुनेश्वरी साहू मंचस्थ हुए। अपने उदबोधन में अतिथियों ने परिक्षेत्र साहू समाज लिमतरा के सभी अठारह गांवों के लोगों से समाजिक सौहाद्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने एवं सतत विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ओंकार साहू ने परिक्षेत्रीय भवन के प्रांगण के क्रांकीटीकरण के लिए पांच लाख रूपए विधायक मद से देने की घोषणा की। श्रीमती कविता बाबर एवं ब्रजेश जगताप ने भी सहयोग करने की बात कही।

## सिंधी समाज की 400 महिलाओं ने एकसाथ लगाई मेहंदी



■ सिंधी धर्मशाला में तिजड़ी की सुनहरी मेहंदी कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष सिंधु शक्ति महिला संगठन एवं पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी धर्मशाला में तिजड़ी की सुनहरी मेहंदी कार्यक्रम हुआ। सामूहिक रूप से 400 महिलाओं ने मेहंदी लगाई। महिलाओं के साथ समाज की बालिकाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाई। सिंधी समाज की महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला उपवास रखती हैं। नए वस्त्र धारण करती हैं। सोलह श्रृंगार करती है।

पूज्य सिंधी पंचायत धर्मशाला में सामूहिक रूप से यह आयोजन पहली बार हो रहा है जहां 400 महिलाएं एक साथ मेहंदी लगा रही हैं। यह दृश्य देखने लायक था जब सारी महिलाएं हाल में बैठकर अपने दोनों हाथों में मेहंदी लगा रही थी। धीरे-धीरे संगीत बज रहा था। गेम भी खिलाया गया। महिलाओं ने झूले का भी आनंद लिया। सावन का सेल्फी जोन भी बनाया गया था। इससे पहले इष्ट देवता झूलेलाल की पूजा की गई। उसके बाद मेहंदी लगाने की रस्म शुरू हुई। इस आयोजन में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष चंदू जसवानी, उपाध्यक्ष रामचंद्र वाधवानी, महेश रामरख्यानी, अशोक डुंबानी, अमर पिंजानी, रोमी सावलानी, सुनील रेवलानी, सिंध शक्ति महिला संगठन की महासचिव प्रिया पंजवानी, अध्यक्ष पार्वती वाधवानी, सचिव साक्षी वाधवानी, दिशा कामरानी, रिया सुनेटा, शारदा चावला, रोमा राहूजा, मोना वाधवानी, सिमरन वाधवानी, मुस्कान वाधवानी, संगीता वाधवानी, पलक सुंदरानी, दीपा जसवानी, श्वेता ननकानी, अनन्या वासवानी, किरण ग्वालानी, तान्या चावला, प्रीति पिंजानी, सरला डोडवानी का योगदान रहा।

## सामुदायिक सहभागिता से होगा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन : डीईओ

■ बिरेतरा स्कूल में हुआ मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में मेगा पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन नोडल अधिकारी देवेश कुमार सूर्यवंशी जिला शिक्षा अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य गेवाराम नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि धनेश्वरी भारत ध्रुव सरपंच, उपसरपंच मनीष साहू, हायर सेकेंडरी समिति अध्यक्ष टीकाराम साहू, माध्यमिक शाला अध्यक्ष विनेश्वर साहू, प्राथमिक शाला अध्यक्ष बसंत साहू, पूर्व सरपंच उषा साहू, पूर्व समिति अध्यक्ष नरेंद्र साहू, पूर्व उपसरपंच डॉ विनेश्वर साहू, माध्यमिक शाला प्रधानपाठक किशोर साहू थे।

प्राचार्य गेवाराम नेताम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति करने, पालकों एवं शिक्षकों के मध्य नियमित रूप से बैठकों का आयोजन करने, पालकों एवं शिक्षकों के मध्य बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित करने, पालकों को उनके विद्यार्थियों की प्रगति, उनकी शैक्षिक गतिविधियां समेत कई विषयों को प्रमुखता से रखा गया।

संस्था के शिक्षकगण रोहित कुमार साहू, चोवाराम चंद्राकर, चेतनलाल देवांगन, खेदी साहू, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक किशोर कुमार साहू, प्राथमिक शाला की शिक्षिका अमिता साहू ने घर में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करने, मेरा कोना, आज मैंने क्या सीखा, बच्चा बेझिझक बोलेगा, टीएलएम का निर्माण करने, प्रवेश एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करने, बस्ता रहित शनिवार, न्योता भोज, जाति निवास प्रमाण पत्र कैसे सरल ढंग से बने, स्वास्थ्य परीक्षण, करियर गाइडेंस एवं विद्यालय तथा घर में अनुशासन संस्कार जन सहभागिता आर्थिक बचत के लिए गुल्लक अभियान जैसे मुद्दों पर प्रमुखता से बात रखी गई।

डीईओ डीके सूर्यवंशी ने संस्था के परीक्षा परिणाम, संस्था की भौतिक संसाधनों, साफ-सफाई, प्रिंट रिच वातावरण, जन सहभागिता से पूर्व में किए गए कार्य, खेल तथा साहित्यिक- सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन कर बेहतर वातावरण जनसमुदाय के माध्यम से तथा पंचायत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्मित करने के लिए प्रशंसा की।

सरपंच धनेश्वरी ध्रुव ने ग्राम में बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य तथा योजना बनाने में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

## लिमतरा के शीतला मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



■ विधायक ओंकार साहू ने साहू भवन में 5 लाख के कांक्रीटीकरण की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने ग्राम लिमतरा स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में 5 लाख की लागत से निर्मित होने वाले शेड का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने साहू भवन में 5 लाख के कांक्रीटीकरण कार्य की भी घोषणा की जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर भी उपस्थित रहीं। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि ग्राम लिमतरा के धार्मिक और सामाजिक स्थलों का विकास हमारी प्राथमिकता है।

शीतला मंदिर प्रांगण में शेड और साहू भवन के कांक्रीटीकरण से गांव के कार्यक्रम अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक होंगे। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि गांव के विकास में सभी की भागीदारी जरूरी है। हम मिलकर लिमतरा को सुविधाओं से युक्त और आदर्श ग्राम बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। मौके पर ब्रजेश जगताप जनपद सदस्य, भुनेश्वरी साहू सरपंच, योगेश बाबर, भगवती साहू, गतिराम साहू, खिलेश साहू सीमा साहू, रमशीला साहू, राधा साहू, लोकेश साहू, राजाराम साहू, पारसमणि साहू, धर्मेंद्र पटेल, उमेश साहू, हिमांशु साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी व सामाजिकजन उपस्थित थे।

### जनपद पंचायत परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**नगरी।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत नगरी प्रांगण में व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा, विकास विस्तार अधिकारी आर.एस. नेताम, एडीईओ मिश्री गौर, कार्यक्रम अधिकारी आयुष झा, बीसी एसबीएम श्रीमती योगिता बाला कश्यप, मोहम्मद अजहर खान सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर संरक्षण का लिया संकल्प

**धमतरी।** शाप्राशा खरतुली में प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में रक्षाबंधन उत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रक्षाबंधन उत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस के बारे में अपने विचार रखे। बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया पश्चात एक दूसरे एवं शिक्षकों को रक्षासूत्र बांधकर एक दूसरे एवं राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।







